तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 11 अप्रैल 2026

13 केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में...

14 जब जीवन में सब कुछ थम जाए, तब भगवान को...




## खबर संक्षेप

### तंबाकू एक्ट के तहत नौ दुकानों पर कार्रवाई, 14 सौ का जुर्माना

**अभनपुर**। जिलाधीश रायपुर के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद अभनपुर क्षेत्र में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के तहत सख्त कार्रवाई की गई। नगर पालिका एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थानों के आसपास निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान वार्ड 4 स्थित पीएमश्री विद्यालय, वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 (बड़े उरला) के प्राथमिक शालाओं के आसपास संचालित दुकानों की जांच की गई। जांच में पाया गया कि कुछ दुकानों द्वारा एक्ट का उल्लंघन करते हुए तंबाकू उत्पादों की बिक्री एवं प्रचार-प्रसार किया जा रहा था। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर बघेल किराना स्टोर्स, गिलहरे किराना स्टोर्स, पाल किराना स्टोर्स सहित कुल 9 दुकानों पर कार्रवाई करते हुए 1400 रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही संबंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी अभियान के दौरान दुकानदारों एवं नागरिकों को एक्ट के प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इस अधिनियम के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पूर्णतः प्रतिबंधित है (धारा 4), तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर रोक (धारा 3 एवं 5), 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बिक्री प्रतिबंधित (धारा 6) तथा पैकेट पर स्वास्थ्य चेतावनी अनिवार्य (धारा 7) है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि तंबाकू नियंत्रण को लेकर आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई जाएगी।

### ग्राम मुड़ागांव में मानस गान सम्मेलन आज से

**मुड़ागांव (कोरासी)**। ग्राम पक्तियां में आदर्श बाल समाज एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 11 अप्रैल दिन शनिवार से 14 अप्रैल दिन मंगलवार तक छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय भव्य मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

### बस स्टैंड में बाप-बेटे पर जानलेवा हमला

**महासमुंद**। नगर के बस स्टैंड में बाप-बेटे से मारपीट कर जानलेवा हमला करने के आरोप में सिटी कोतवाली में दो लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को शीतल दास मानिकपुरी पिता स्व. बाबूदास मानिकपुरी, (57 वर्ष) निवासी ग्राम मुस्की वार्ड नं. 13 महामाया मंदिर, थाना तुमगांव ने बताया कि वह ग्राम का कोटवार है। 08 अप्रैल की शाम 6 बजे अपने बेटे दोनेश्वर दास मानिकपुरी के साथ कार में सब्जी लेने महासमुंद आया था। सब्जी लेने के बाद वे महासमुंद बस स्टैंड के बागबाहरा जाने वाले गेट के पास पहुंचे थे, उसी समय एक अज्ञात लड़का अपनी कार खड़ी कर किसी से बात कर रहा था, तभी मेरे बेटे ने उसे कार हटाने हेतु हार्न बजाया, तभी कुछ दूरी पर खडे कैलाश बाघ व साहिल खान निवासी महासमुंद के द्वारा एक राय होकर उसे तथा उसके बेटे दोनेश्वर दास मानिकपुरी को गाली देकर हत्या करने की नीयत से हाथ मुक्का, ईंट एवं कांच का बोतल से मारपीट किया है, जिससे उसके सिर, कान, मुंह में चोंट आयी है तथा दोनेश्वर दास मानिकपुरी को कान में गंभीर चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 109, 118(1), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बाइक हटाने को लेकर विवाद, मारपीट

**महासमुंद**। शहर के हृदय स्थल गणेश मार्केट के सामने से बाइक हटाने को लेकर हुए मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज कर लिया है।

# जिले के कई हिस्सों में तपती गर्मी के बीच लहलहा रही रबी की फसल

**कटाई में अभी लगेगा लगभग एक माह का समय**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

एक ओर जहां अप्रैल की भीषण गर्मी लोगों को झुलसा रही है, वहीं दूसरी ओर जिले के खेतों में हरियाली लहलहा रही है। इन दिनों किसान ग्रीष्मकालीन रबी सीजन में धान की खेती कर रहे हैं, जिससे तपती गर्मी के बीच खेतों का दृश्य भी शीतलता का अहसास करा रहा है। जिले के कई हिस्सों में रबी फसल ली जा रही है, लेकिन खासकर फिंगेश्वर, राजिम, कोपरा, पाण्डुका और छुरा क्षेत्र के किसान इस मौसम में धान की खेती पर ज्यादा निर्भर हैं। पानी की कमी के बावजूद किसान निजी बोरवेल के सहारे सिंचाई कर फसल तैयार कर रहे हैं।

करीब दो महीने पहले बोई गई धान की फसल अब बढ़कर बालियों में बदलने लगी है। खेतों में खड़े किसान तपती धूप में पसीना बहाकर फसल की देखरेख कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि कटाई में अभी लगभग एक माह का समय और लगेगा। हालांकि, इस समय फसल पर कीट और रोगों का खतरा भी बढ़ गया है। तनाछेदक, माहू सहित अन्य बीमारियों का प्रकोप किसानों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है। फसल को बचाने के लिए किसान लगातार कीटनाशकों का छिड़काव कर रहे हैं। किसान रामलाल, मनसुख, श्यामलाल, रामरतन और बिसाहू ने बताया कि रबी सीजन में धान की खेती करना आसान नहीं है। खरीफ की तुलना में इसमें लागत ज्यादा आती है, क्योंकि सिंचाई के लिए निजी संसाधनों पर निर्भर ▶▶|शेष पेज 12 पर

**पर्यटन : सैकड़ों की संख्या में पहुंच रहे पर्यटक, झरने की पानी में अठखेलियां करते दिखाई दे रहे**

# जिले का पैरी घुमर जलप्रपात बना पर्यटकों की पहली पसंद, सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

गरियाबंद जिले के पैरी घुमर जल प्रपात इस भीशण गर्मी में लोगों राहत प्रदान कर रहा है। प्रतिदिन इस झरने में सैकड़ो की संख्या में क्षेत्र व बड़े शहरो से पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है। ठंडे पानी की इस झरने में तेज धुप के बीच लोग खुब अठखेलियां करते दिखाई दे रहे हैं और चारो तरफ पर्यटकों की भीड़ नजर आ रही है लेकिन जंगल के भीतर स्थित इस बेहद खुबसुरत जल प्रपात स्थल में सुरक्षा के कोई इंतिजाम नहीं है जो चिंता का विषय है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 22 किलो मीटर बिन्द्रनवागढ़ से 8 किलो मीटर दूर घने जंगल और प्राकृतिक सौदर्य के बीच शुक्रवार को हरिभूमि की टीम ने पहुंच कर जायजा लिया तो दोपहर डेढ़ बजे लगभग एक हजार से ज्यादा लोगों और पर्यटकों के भीड़ यहां झरने के ठंडे पानी में पिकनिक मनाते और जमकर झरने में नहाने का आनंद लेते दिखाई दिए। भीषण गर्मी में जहां एक ओर क्षेत्र के प्रमुख प्राकृतिक जलप्रपात सुख गए है और वहां पानी नहीं है। वहीं दूसरी ओर पैरी घुमर जलप्रपात में लबलब पानी भरा हुआ है क्षेत्र के प्रमुख सिंचाई परियोजना सिकासार जलासय के नीचे तेंदुबाय पंचायत क्षेत्र के चिखली से लगा पैरी घुमर बांध इन दिनों आकर्षण का मुख्य केन्द्र बना हुआ है। बांध के चारो ओर चट्टाने पैरी नदी की बहती कलकल की ध्वनी करती धाराएं जिसके चारो ओर हरे-भरे जंगल बड़े-बडे वृक्ष लोगों को अपनी ओर खींच रहा है जो पिकनीक स्पाट के लिए बेहद खुबसुरत जगह है।

**20 फिट ऊंचाई से छलांग लगाते युवाओं को देखकर सांस थम सी जाती है-** पैरी घुमर जल प्रपात में कई युवा 20 फिट ऊंचाई से छलांग लगाते दिखाई दे रहे है जो दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहा है यह किसी खतरनाक स्टंट से कम नही है यहां ऐसे हरकतो पर रोक लगाना चाहिए नही तो आगे चलके यह काफी खतरनाक साबित हो सकता ▶▶|शेष पेज 12 पर



**पर्यटकों का अनुभवः गर्मी का नहीं हो रहा अहसास**

राजिम फिंगेश्वर क्षेत्र से पहुंचे मनसुक साहू, रानी साहू, प्रियंका साहू, अनिता साहू एवं धमतरी क्षेत्र से पहुंचे भवानी ठाकुर, जीवन जैन ने बताया दोस्तो के माध्यम से पैरी घुमर जलप्रपात के बारे में पता चला यहां आने के बाद बहुत सुकून मिल रहा है चारो तरफ घने जंगल है और ठंडा पानी में नहाने का एक अलग आनंद है उन्होने बताया गर्मी का थोड़ा भी अहसास नही हो रहा है। विक्की, लिबास पटेल, सुभाश मरकाम, नंद किशोर पटेल, शाहील, मुकूंद नेगी ने बताया यह बहुत सुन्दर स्थान है लेकिन यह सुविधा कुछ भी नही है यहां सुरक्षा के लिए प्रशासन को व्यवस्था रखनी चाहिए क्योंकि बांध के उपरी भाग जिसके उपर से लोग आना जाना करते है उसमें फिसलन है कभी दुर्घटना घटने की संभावना है। बताया यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है साथ ही चारो तरफ प्राकृतिक सुन्दरता है जंगल है हम लोगों को आते समय हिरण का झुण्ड भी दिखाई दिया।

### सड़क पर तड़प रहा था युवक, देवदूत बनकर पहुंचे सीआरपीएफ के जवान



**मैनपुर**। देश की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ के जवान सिर्फ सरहदों और घने जंगलों में ही दुश्मनों से लोहा नहीं लेते, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी वह किसी देवदूत से कम नहीं हैं। चौंकाने वाला मामला गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड के दबनई इलाके से सामने आया है, जहां 65 वीं बटालियन सीआरपीएफ के जवानों की सतर्कता ने एक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हुए युवक को मौत के मुंह से बाहर निकाल लिया। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को ग्राम छिंदोला के रहने वाले 23 वर्षीय राजाराम नेताम (पुत्र श्री धनीराम नेताम) अपनी पत्नी और बच्चों को लेने के लिए मोटरसाइकिल से भैसामुँडा (टीमनपुर) गए हुए थे। वापसी के दौरान दबनई के पास अचानक उनका वाहन अनियंत्रित होकर गिर गया। हादसा इतना भीषण था कि राजाराम गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क किनारे बेसुध अवस्था में पड़े थे। अत्यधिक खून बहने के कारण उनकी जान पर बन आई थी।

**जब मसीहा बनकर पहुंचे 65 बटालियन के जवान-** हादसे के ठीक बाद, उसी मार्ग से 65 बटालियन के जवान गुजर रहे थे। सड़क किनारे खून से लथपथ तड़पते युवक को देखकर जवानों ने तुरंत अपना ▶▶|शेष पेज 12 पर



# रेत व पत्थर का परिवहन करते 13 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

कलेक्टर रायपुर के निर्देश पर खनिज विभाग ने अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। उपसंचालक खनिज प्रशासन राजेश मालवे के मार्गदर्शन में 9 और 10 अप्रैल को कुल 13 वाहनों 12 रेत और 1 फर्सी पत्थर को खनिज सहित जब्त किया गया। इन वाहनों को थानों के सुपुर्द किया गया है। कार्रवाई में जिन वाहन मालिकों के नाम सामने आए हैं, उनमें मनीष साहू पारागांव, सिन्हा फिंगेश्वर, नागेश्वर साहू, बसर खान आहिवारा, बंटी साहू टिकरापारा रायपुर, साहू नवागांव नवापारा, भगवती ट्रेडर्स मेघा धमतरी, रौनक जैन लालपुर रायपुर, कंवलजीत सिंह कवर्धा, तेजराम वर्मा ▶▶|शेष पेज 12 पर

### अमेठी वन बीट में प्लांटेशन कार्य में गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)



छुरा वन परिक्षेत्र के अमेठी वन बीट के कक्ष क्रमांक 159 में वर्ष 2025 में 14 हेक्टेयर क्षेत्र में प्लांटेशन कार्य के लिए 15,400 पौधों के रोपण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। स्वीकृत कार्यों में 1900 रनिंग मीटर क्षेत्र में 633 पोल लगाकर कांटेदार तार से फेंसिंग, 15,400 गड्ढों की खुदाई, वर्षा ऋतु में पौधरोपण, तथा इसके बाद कैजुअल्टी (मृत पौधों का प्रतिस्थापन) एवं बिडिंग (निराई-गुड़ाई) शामिल थे। शिकायत के अनुसार, उक्त कार्य एस्टीमेट के अनुरूप पूर्ण नहीं कराया गया। आरोप है कि केवल लगभग 325 फेंसिंग पोल ही लगाए गए, जबकि शेष कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। इसके अलावा पौधरोपण के 15 दिनों बाद किए ▶▶|शेष पेज 12 पर

**प्रथम आईएएस संजय डहरिया का सम्मान**

# ईमानदारी से करें मेहनत तो कोई भी बाधा सफल होने से नहीं रोक सकती : डहरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

- कैंसर जैसी बीमारी को हराकर पाया यह मुकाम



नगर के गुरू घासीदास मंदिर परिसर में सतनामी समाज द्वारा एक भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण समाज के प्रथम आईएएस अधिकारी संजय डहरिया का सम्मान समारोह रहा, जिसमें समाजजनों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत कर गौरव व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग, युवा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मंच पर आईएएस संजय डहरिया को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणी बाबा गुरू घासीदास जी के गद्दी आसन पर पूजा अर्चना वंदन एवं सतनाम के जयघोष के साथ किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता दूजराम बंजारे ने स्वागत भाषण में कहा कि संजय डहरिया ने कठिन परिश्रम और लगन से आईएएस जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे सतनामी समाज का नाम रोशन किया है। कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए शिक्षा सबसे बड़ा माध्यम है और अब समय आ गया है कि समाज के बच्चे शिक्षा को प्राथमिकता दें। आज का सम्मान समारोह गौरव का क्षण है। हमारे बीच से निकलकर श्री डहरिया ने देश के सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा में स्थान प्राप्त किया है। इसे समाज के युवाओं के लिए प्रेरणा का ▶▶|शेष पेज 12 पर


गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
संपर्क
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### आर्थिक संकट से जूझ रहे मनरेगा मजदूरों को नहीं मिली मजदूरी

**रसेला।** ग्राम रसेला सहित क्षेत्र के पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी में कार्यरत मजदूरों को दो महीना बाद भी मजदूरी भुगतान नहीं होने से आर्थिक संकटों के दौर से गुजरते हुए परिवार के गुजर बसर करने मुश्किल हो गया है। अगर ऐसी स्थिति रही तो अधिकांश मजदूर दूसरे जिला, राज्य पलायन करने के लिए मजबूर हो सकतें हैं। हर रोज मजदूर वर्ग आधार सेंटर के साथ ही बैंकों के चक्कर लगाते लगाते थक चुके हैं। उनके खाते में मनरेगा की राशि जमा नहीं होने से खाली हाथ वापस घर पहुंच कर, तात्कालिक आर्थिक व्यवस्था जहां हो वैसा काम करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है। अभी इस समय क्षेत्र में शादी सीजन जोरों पर है। दैनिक दिनचर्या के सामग्रियों के साथ घर गृहस्थी चलाने के लिए व्यवस्था भी करना मुश्किल हो गया है। शादी के सीजन में पारिवारिक मेहमानों का आना जाना भी हो रहा है। ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक व मेट द्वारा मजदूरों के साथ भुगतान को लेकर विवाद की स्थिति भी बन रही है। ज्ञात हो कि 2025 में नया तालाब का निर्माण शुरू हुआ था, जिसकी कुछ राशि शेष बचा हुआ था, उसे पूर्ण करने के लिए जनवरी 2026 में दो जगहो पर लगभग 60 से 70 मजदूर तीन से चार सप्ताह कार्य किया गया है, हितग्राही बिसेलाल, बैसाखू, देवसिग, घनश्याम, समारू, बसंत बाई, पुनी बाई, दुलारी बाई, शोभनी, ठगनी बाईं ने कहा कि मनरेगा अधिनियम के अंतर्गत मजदूरी भुगतान की समय सीमा तय किया है। उसका परिपालन नहीं होने से मजदूरों में बेहद आक्रोश देखी जा रही है।

### रबी फसल धान के पौधों में निकलने लगी बालियां



**रसेला।** रावनाभाटा से लेकर रक्सी तक सड़क किनारे रबी फसल धान के पौधों में बालियां निकलने लगी है। इस समय फसलों की देखरेख और निगरानी किसान अच्छी तरह से कर रहे हैं। फसलों में कीट प्रकोप होने से अंचल के किसान चिंतित भी है। उल्लेखनीय है कि रसेला सहित क्षेत्र में रबी फसल में धान की बोआई की गई है। क्षेत्र में कोई भी बड़ा बांध नहीं होने के कारण किसान सीमित मात्रा में स्वयं के सिंचाई साधन से मोटर पंप के माध्यम से धान की फसल बोई की गई है। जिस गांव में पर्याप्त रूप से फसलों को पानी मोटर पंप से मिल रहा है वहां की धान लहलहा रही है। धान की बालियां निकलने लगी है। किसान भागवत सिन्हा, नारायण सिन्हा, मकरम ठाकुर, प्रेम ठाकुर,केशु ध्रुव,रेखचद साहू आदि लोगों ने बताया कि यदि यही स्थिति रही तो अगले महीने मई के प्रथम या द्वितीय सप्ताह में धान की कटाई शुरू हो जाएगी। रबी फसल में जल्दी पकने वाली धान साठिया, ओम 3,1010,1008 , श्रीराम प्रजापति के धान बोए है। किसानों का कहना है कि धान की कटाई हार्वेस्टर मशीन से करते हैं। इससे कम समय में कटाई से लेकर मिजाई का काम पूरा हो जाता है। इन दिनों मौसम में लगातार उतार चढ़ाव के चलते फसलों पर कीट प्रकोप बढ़ रहा है। दवाईयां के छिड़काव कृषक कर रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से मौसम में लगातार उतार चढ़ाव का दौर जारी है। किसान नियंत्रण के लिए लगातार दवा का छिड़काव कर रहे हैं। कमजोर पौधे गभोट की अवस्था में पहुंच गए हैं जिससे चिंता और बढ़ने लगी है। मौसम इसी तरह अनुकूल रहने पर क्षेत्र के किसानों को इस साल भी अच्छा उत्पादन की उम्मीद है।

# कलेक्टर पहुंचे राजिम स्कूल, शिक्षा, स्वच्छता और मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके अचानक राजिम पहुंचे और वार्ड नं 14 पथर्रा के पीएम श्री प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल का निरीक्षण करते हुए शिक्षा, साफ-सफाई, पोषण, आधारभूत सुविधाओं तथा बच्चों की शैक्षिक रुचियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था का निरीक्षण किया और भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, तथा बच्चों को समय पर भोजन उपलब्ध कराने की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे बच्चों को निर्धारित मापदंड के अनुसार मध्यान्ह भोजन कराये। इसके उपरांत उन्होंने बालिका शौचालय की स्थिति का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि शौचालयों को नियमित रूप से साफ-सुथरे रखें। कीचन रूम को व्यवस्थित रखने, गैस सिलेंडर सहित अन्य व्यवस्थाओं के सुरक्षित उपयोग करने कहा। विद्यालय परिसर में प्रवेश करते हुए उन्होंने मैदान की स्थिति, बच्चों के खेलने के स्थान, तथा विद्यालय के हरियाली की भी सराहना की और इन्हें नियमित रूप से संरक्षित रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बच्चों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन कर अनुपस्थित बच्चों की जानकारी प्राप्त की तथा शिक्षकों को बच्चों की उपस्थिति में सुधार लाने के सुझाव दिए। उन्होंने विद्यालय में स्थापित आईसीटी कम्प्यूटर लैब का निरीक्षण किया और देखा कि बच्चे कम्प्यूटर का उपयोग किस प्रकार कर रहे हैं।

### स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश



इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में आएं मरीजों एवं परिजनों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। स्वास्थ्य केंद्र में आएं ग्रामीणों ने बताया कि यहां 31 महिलाएं सोनोग्राफी कराने पहुंची हुई थी। जिसमें से हाई-रिस्क के 8 महिलाएं थी। उन्हें स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए सीएमएचओ को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान राजिम एसडीएम विशाल महाराणा, डीएमसी शिवेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर के इस आकस्मिक दौरे को लेकर सभी विभागो के अधिकारी-कर्मचारी सतर्क नजर आए है। स्थानीय नागरिको का कहना है कि राजिम अनुविभाग में कलेक्टर के दौरा होते रहना चाहिए जिससे प्रशासनिक कसावट आती है।

### आयोजन : कांग्रेस संगठन सृजन के तहत कर रही लोगों से संपर्क

# गोदग्राम कुल्हाड़ीघाट में कांग्रेस की सभा व घर-घर जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर



कांग्रेस द्वारा संगठन को मजबुत करने बूथ स्तर पर विशेष जोर दिया जा रहा है प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर भीषण गर्मी मे पिछले एक पखवाड़े से कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव-गांव गली-गली और घर - घर पहुंचकर जहां पार्टी के नीतियो को बताते हुए राज्य और केन्द्र सरकार के नकामियो को गिना रहे है वही पंचायत और बूथ स्तर पर अध्यक्ष का चयन किया जा रहा है जिससे कांग्रेस गांव-गांव में मजबूत हो सके। आज क्षेत्र के आदिवासी कमार बाहुल्य ग्राम एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के गोदग्राम कुल्हाड़ीघाट पहुंचे जहां पेड़ के नीचे बैठक का आयोजन किया इस दौरान पूर्व राज्यसभा सदस्य और सांसद आदर्श गोदग्राम के तहत कुल्हाड़ीघाट को गोद लेने वाली मोहसीना किदवई के निधन पर उन्हे श्रद्धाजंली अर्पित की गई और गांव मे रैली निकाला गया राजीव गांधी चौक पहुंचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए संगठन सृजन प्रभारी खेदु नेगी ने कहा सन 1985 मे देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कुल्हाडीघाट पहुंचकर इस गांव को गोद लिया था और इस गांव की समस्याओ को बहुत नजदीक से देखा था साथ ही कमार जनजाति के विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित किया गया राजीव गांधी के कुल्हाड़ीघाट आने के बाद यहां तक पहुंचने के लिए सड़क पुल पुलिया का निर्माण किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कांग्रेस को वार्ड एवं पंचायत स्तर पर मजबुत करना है जिसके लिए संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। महामंत्री गेंदु यादव ने बताया अब तक हरदीभाठा, भाठीगढ़, गोबरा, गोपालपुर, देहारगुड़ा, जाड़ापदर, जिड़ार, तुहामेटा, बोईरगांव, फरसरा मे संगठन के अध्यक्षो का चयन किया जा चुका है। राजापड़ाव गौरगांव और इंदागांव इलाके मे जल्द ही संगठन का विस्तार किया जायेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से सहप्रभारी हरिश्वर पटेल, महामंत्री निहाल नेताम, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, प्रेमसाय जगत, दुलेन्द्र नेगी, पारेश्वर नेगी, पवन जगत, टीकम कपिल, खेलन साहू, सुकचंद ध्रुव, दामोदर मरकाम, धनसाय सोरी, नारायण मरकाम, खेलन दीवान, रामभरोसा, गयचंद कोमर्रा, पिलेश्वर सोरी, डोमार साहू, लोचन निर्मलकर, लिकेश यादव, भागीरथी पटेल उपस्थित थे।

### चैतरा में मिशन गांव चलो, कांग्रेस की बैठक में कमेटी गठित



**छुईहा बेलर।** मिशन गांव चलो अभियान के तहत ग्राम चैतरा में कांग्रेस की आवश्यक बैठक शुक्रवार को रखा गया। सक्रीय कांग्रेस कार्यकर्ता वाशु यादव चैतरा ने कहा की बेलर मंडल अन्तर्गत सेंदर सेक्टर आश्रित ग्राम चैतरा बूथ कमेटी एवं पंचायत कमेटी का गठन समस्त कांग्रेस प्रभारी भुनेश्वरी बंजारे की नेतृत्व मे किया गया। जिसमें बूथ अध्यक्ष अश्वनी साहू एवं पंचायत अध्यक्ष गैद लाल खुटे को मनोनित किया गया है। इस अवसर पर मंडल प्रभारी भुनेश्वरी बंजारे, वासुदेव यादव सचिव ब्लाक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर, सेक्टर अध्यक्ष शेषनारायण गुप्ता, पूर्व सरपंच संजय कुमार, पूर्व सरपंच भीखम साहू, अश्वनी साहू, जीतेन्द्र यादव, जितू बंसोड, सुरेंद्र यादव कमल धुव, पीला चंद, धुव, कुंजबिहारी साहू, देवलाल साहू, पंकज साहू, सभी कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अंतिम व्यक्ति की सेवा ही संकल्प : अनिल चंद्राकर



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के दुरस्थ वनांचल शोभा क्षेत्र में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर के नेतृत्व में गांव चलो बस्ती चलो अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इस दौरान छत्तीसगढ़ शासन के पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंत्री नरोत्तम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा तथा बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान भाजपा नेताओ ने गांव की गलियों में रैली निकाल एवं सभा आयोजित कर सरकार की योजनाओं के बारे मे विस्तार से जानकारी दिया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा 07 से 12 अप्रैल तक सघन जनसंपर्क गांव चलो घर चलो अभियान जारी है केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओ का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सरकार की मंशा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे आज देश का सम्मान विश्व में बढ़ा है सरकार की योजनाओ का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिले।

पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने कहा की गांव चलो बस्ती चलो अभियान को लेकर कार्यकर्ताओ में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक भाजपा के पदाधिकारी पहुंचकर मुलाकात कर रहे है उनकी समस्याओ का समाधान किया जा रहा है। पिछड़ा वर्ग मंत्री नरोत्तम साहू ने कहा की इस अभियान से जहां भाजपा कार्यकर्ताओ में उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं ग्रामीणों में भी भारी उत्साह है। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, जिला मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके, महामंत्री दिनेश सचदेव, घनश्याम मरकाम, रूपेश साहू, मनोज निर्मलकर, दिग्विजय कुमार, सुधीर ठाकुर, कृष्णा मरकाम, प्रभु विश्वकर्मा, डाकेश्वर नेगी, धन्नु मरकाम, कैलाश मरकाम सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कम लागत और दोगुने मुनाफे की जगी उम्मीद

# किसान रोमनाथ ने धान के खेत में उगाई रागी की फसल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम



राजिम विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पतोरा के किसान रोमनाथ साहू को धान की अपेक्षा दोगुना मुनाफा रागी को कम समय में ज्यादा मुनाफा देने वाली फसल माना जाता है। इसमें प्रोटीन की मात्रा अधिक होती है। साथ ही अमीनो एसिड, कैल्शियम और पोटेशियम भी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। कम हीमोग्लोबिन वाले व्यक्तियों के लिए रागी का सेवन बेहद फायदेमंद है। खेती-किसानी में मुनाफे वाली फसलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य शासन एवं केंद्र शासन द्वारा लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन्हीं में से लघुधान्य फसल रागी एक ऐसी फसल है, जिसका हजारों साल पुराना इतिहास है। माना जाता है कि इसकी खेती भारत में लगभग 4 हजार साल पहले शुरू हुई थी, जबकि इसकी बुवाई सबसे पहले अफ्रीका में की गई थी। हमारे पूर्वज इसकी खेती करते थे, लेकिन बीच में कृषकों का रुझान धान और गेहूं की फसलों की ओर बढ़ गया, जिससे लघु धान्य फसल रागी खेतों और भोजन की थाली से लगभग गायब हो गई। परंतु अब शासन के लगातार प्रचार-प्रसार के कारण कृषकों ने अपने खेतों में रागी को पुनः स्थान देना शुरू कर दिया है। कृषक रोमनाथ साहू ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने 8 एकड़ में रागी फसल की खेती की है। सामान्यतः रागी की खेती भर्री-टिकरा या उच्च भूमि में की जाती है, लेकिन इन्होने धान वाले खेत में इसकी खेती कर एक नया प्रयोग किया है। उनकी रागी फसल की बढ़वार काफी अच्छी है। वर्तमान में बालियां निकल रही हैं, जिससे अच्छी उपज के आसार स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। रागी की खेती काफी सरल है। इसमें कीट एवं रोगों का प्रकोप बहुत कम होता है, जिसके कारण इसकी खेती में लागत भी कम आती है।

**धान के खेत में रागी का सफल प्रयोग-** उन्होंने अपनी फसल का पंजीयन बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत बीज निगम, जिला गरियाबंद में कराया है, जहां प्राप्त उत्पादन की खरीदी की जाएगी। इस वर्ष कृषकों को रागी की बीज किस्म वी.एल. मंडुआ-376 राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई है। यह किस्म अगेती पैदावार के लिए विकसित की गई है और बीज रोपाई के 95 से 100 दिनों में पककर तैयार हो जाती है। इसके पौधे मध्यम ऊंचाई के होते हैं और दाने हल्के भूरे रंग के होते हैं। इस किस्म का उत्पादन प्रति हेक्टेयर 25 से 30 क्विंटल तक पाया जाता है। रागी की फसल ग्रीष्मकालीन धान की एक बेहतर वैकल्पिक फसल के रूप में उभर रही है, जो किसानों को धान की अपेक्षा अधिक आमदनी देने में सक्षम है। के.आर. वर्मा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने बताया कि कृषकों को रागी का बीज एवं आदान सामग्री के रूप में सुपर कम्पोस्ट, निंदानाशक और जैविक कीटनाशक कार्यालय से प्रदाय किए गए हैं। साथ ही समय-समय पर कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा समसामयिक सलाह और तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। उप संचालक कृषि, जिला गरियाबंद ने बताया कि रागी की खेती के लिए शुष्क जलवायु उपयुक्त होती है। भारत में इसे मुख्यतः खरीफ फसल के रूप में उगाया जाता है। इसके पौधों को अधिक वर्षा की आवश्यकता नहीं होती। यह फसल किसानों के लिए अधिक लाभकारी मानी जाती है।



### गुलाबी लीली बढ़ा रही घरों की शोभा

**मैनपुर।** इन दिनों भीषण गर्मी में स्थानीय बोलचाल की भाषा में लीली का यह गुलाबी फूल लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है जो लोगों के घरों में शोभा बढ़ाने का काम कर रहा है।

## पेज 11 के शेष...

### जिले के कई...

रहना पड़ता है। जिन किसानों के खेतों में बोरवेल नहीं है ऐसे किसान नज़दीक के किसान से पानी खरीद कर फ़लल लगाते हैं। इसके बावजूद जब फसल तैयार होती है, तो बाजार में व्यापारियों द्वारा उचित मूल्य नहीं मिल पाता और औने-पौने दाम में धान बेचना पड़ता है।

कुल मिलाकर रबी सीजन की धान फसल में किसानों की मेहनत अधिक और मुनाफा कम है। इसके बावजूद किसान कठिन परिस्थितियों में भी खेती से जुड़े हुए हैं और अपनी जीविका चलाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं।

### जिले का पैरी घुमर...

है। नेशनल हाईवे गरियाबंद मैनपुर मुख्य मार्ग में बिन्द्रनवागढ़ से और जोबा, दशपुर मार्ग से 8 कि.मी. दूर इस मनोरम स्थल में पहुंचा जाता है और कच्ची पगडण्डी जंगल मार्ग है साथ ही इस पर्यटन स्थल में सुरक्षा के लिहाज से कोई सुविधा नही है और न ही कहीं कोई संकेतिक बोर्ड लगा है यहां पहुंचने वाले पर्यटको के लिए विश्रामगृह के साथ ही अन्य जरूरी मूलभुत सुविधा उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है और क्षेत्र के लोगों ने इस पर्यटन स्थल में मूल भूत सुविधाए उपलब्ध कराने की मांग जिला प्रशासन गरियाबंद से किया है।

**15 अप्रैल को जल प्रवाह बंद होगा-** सिकासार जलाशय से भीशण गर्मी को देखते हुए ग्रामीणो के निस्तार के लिए 27 फरवरी 2026 से जल संसाधन विभाग द्वारा पानी उपलब्ध कराया जा रहा है जिसके कारण पैरी घुमर में पानी का बहाव के चलते पर्यटकों की भीड़ लग रही है। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एस के बर्मन ने बताया कि सिकासार जलाशय में पानी की उपलब्धता को देखते हुए जल प्रदय 15 अप्रैल 2026 को पूर्ण रूप से बंद कर दिया जायेगा। सिंचाई विभाग द्वारा पैरी घुमर का निर्माण सात-आठ वर्ष पहले किया गया था और सिकासार जलासय से जब पानी छोड़ा जाता है तब यहां का नाजारा देखने लायक होता इन दिनो पानी छोड़ा गया है जिससे एक ओर जहां जल स्तर को बढ़ाना है वन्य प्राणियों के लिए पानी का इंतिजाम करना पानी छोड़ने के कारण अभी यहां जलस्तर बना हुआ है जिसके कारण यहां के मनोरम दृष्य को देखने बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे है।

### सड़क पर तड़प रहा था युवक...

काफिला रोका। बिना एक पल की देरी किए, जवानों ने अपनी मेडिकल किट निकाली और घायल राजाराम नेताम को वहीं सड़क पर प्राथमिक उपचार देना शुरू किया। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए, सीआरपीएफ के जवानों ने घायल युवक को तुरंत अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनपुर पहुंचाया। मैनपुर में डॉक्टरों ने प्रारंभिक उपचार के बाद युवक की नाजुक हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय गरियाबंद रेफर कर दिया है, जहां फिलहाल उनका सघन उपचार जारी है। डॉक्टरों का कहना है कि अगर सही समय पर सीआरपीएफ जवानों ने प्राथमिक उपचार नहीं दिया होता, तो युवक की जान जा सकती थी।

### रेत व पत्थर का...

। सिमगा, पंकज यदु कोटा तिल्दा, हंसूराम साहू सहसपुर लोहारा और हरीश निर्मलकर बिरकोनी महासमुंद प्रमुख हैं। विभाग द्वारा इसके कुछ दिन पहले भी लगभग 15 वाहनों 9 रेत, 3 चूना पत्थर, 2 मिट्टी, 1 मुरूम पर कार्रवाई करते हुए बिना रॉयल्टी पाए जाने पर उनसे समझौता राशि जमा कराई गई थी। पिछले एक सप्ताह में कुल 28 वाहनों पर कार्रवाई कर करीब 8 लाख रुपये की अर्थदंड राशि वसूल की जा रही है। वहीं मार्च माह में प्राप्त शिकायतों के आधार पर ईंट भट्टों की जांच कर 11 भट्ठा मालिकों को तत्काल प्रभाव से भट्ठे हटाने के निर्देश दिए गए हैं। खनिज विभाग रायपुर ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण और अवैध खदान/क्रेशर संचालन के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। इस पूरी कार्रवाई में प्रभारी खनिज निरीक्षक रघुनाथ भारद्वाज, खनिज सिपाही जितेंद्र केसरवानी, रिजवान, लिलेश्वर मानिकपुरी, रामकुमार वर्मा तथा पायलट छबिलाल साहू का विशेष योगदान रहा।

### अमेठी वन बीट...

जाने वाले कैजुअल्टी एवं बिडिंग कार्य भी नहीं किए गए। शिकायतकर्ताओं का यह भी आरोप है कि 15,400 गड्ढों की खुदाई, कैजुअल्टी एवं बिडिंग कार्य का फर्जी आहरण कर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया गया है।

बताया गया कि मामले की शिकायत किए जाने के बाद विभाग के कर्मचारियों द्वारा तत्काल तीन मजदूर लगाकर कार्य प्रारंभ किया गया, जिससे अनियमितताओं को छिपाने की आशंका जताई जा रही है। इस संबंध में शिकायतकर्ता जगन्नाथ पाण्डेय एवं कैलाश साहू ने कलेक्टर गरियाबंद एवं वनमंडल अधिकारी गरियाबंद को लिखित शिकायत प्रस्तुत कर निष्पक्ष जांच कराने तथा जांच शिकायतकर्ताओं की उपस्थिति में किए जाने की मांग की है।

### मेहनत ईमानदारी...

जीवंत उदाहरण बताया। कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद ग्राम पंचायत पितईबंद के महिला सरपंच गोदावरी-सहदेव बंजारे ने कहा कि संजय डहरिया से प्रेरणा लेकर अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। शिक्षा ही वह शक्ति है, जो व्यक्ति, समाज और प्रदेश के विकास की आधारशिला रखती है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर छात्रा यामिनी बघेल ने भी अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इनके भाषण सुन समाज के लोग गौरवान्वित हुए।

**युवा वर्ग प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी करें-** कार्यक्रम में सम्मानित होने के बाद आईएएस संजय डहरिया ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए अत्यंत भावुक क्षण है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और समाज के आशीर्वाद को दिया। कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से निरंतर अध्ययन, अनुशासन और सकारात्मक सोच अपनाने का आग्रह किया। कहा कि युवा वर्ग प्रतियोगी परिक्षाओं युपीएससी, पीएससी, जेईई एवं नीट की तैयारी करें। इन परिक्षाओं में सफलता के लिए केवल पढ़ाई ही नही बल्कि सही रणनीति, समय प्रबंधन, निरंतर अभ्यास एवं आत्मविश्वास अत्यंत आवश्यक है। इसी कड़ी में उन्होने अपने जीवन के अत्यंत कठिन दौर का उल्लेख करते हुए बताया कि एक गंभीर बीमारी कैंसर से वे 8 वर्षो तक संघर्ष किया जिसे वे दृढ़ ईच्छाशक्ति के बल पर विजय प्राप्त किया और आज इस मुकाम पर पहुंचा। उन्होंने साफ-साफ कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो कोई भी बाधा सफलता के मार्ग में रुकावट नहीं बन सकती। उन्होंने युवाओं को मोबाइल एवं अन्य व्यसनों से दूरी बनाकर अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। उनका यह अनुभव उपस्थित युवाओं एवं समाज के लोगों के लिए अत्यंत प्रेरणास्पद रहा। कहा कि जीवन में आने वाली चुनौतियाँ हमें मजबूत बनाती हैं और निरंतर प्रयास करने वालों के लिए सफलता निश्चित होती है।

**लक्ष्य प्राप्त करने कठिन मेहनत करें : मतावले-** कार्यक्रम में सतनामी समाज के संरक्षक डॉ. आनंद मतावले गुरूजी ने कहा कि उच्च तकनीकी चिकित्सा एवं महाविद्यालयीन शिक्षा समय की आवश्यकता है। इस लक्ष्य को कठिन मेहनत से प्राप्त करें। समाज को संगठित रहने की बात कही। कार्यक्रम में मौजूद पांडुका थाना के टीआई कृष्ण कुमार जांगड़े ने स्पष्ट रूप से कहा कि नशापान समाज और युवाओं के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है। प्रदेश सचिव दिनेश बंजारे ने कहा कि जो लोग शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ चुके है समाज के कमजोर एवं प्रतिभाशाली बच्चो की मदद करे। सामुहिक प्रयासो से ही समाज में व्यापक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम को सतनामी समाज छुरा परिक्षेत्र के सचिव डाहरू कोसले ,जिला पंचायत सभापति नंदनी-कोमल ढीढी, डॉ कविता लाल, धनेश्वरी डांडे, रामविशाल ओगरे, गोपचंद बेनर्जी,अध्यक्ष दुलेश्वर घृतलहरे,कार्यकारी अध्यक्ष राकेश मांड्रे, सहदेव बंजारे, मुकेश भारती ने संबोधित किया। इस दौरान डॉ. आनंद मतावले गुरुजी, तुलेश्वर घृतलहरे, सहदेव बंजारे, दुजलाल बंजारे, राकेश मांडरे, कुलदीप बंजारे, मनहरन लाल घोघरे, रामसिंह घृतलहरे, संतोष डहरिया उपाध्यक्षगण, कोमल ढीढी, किरण टंडन, सनत चेलक, चतुर मंडल, चोवाराम बंजारे, नंदकुमार सक्सेना, कोषाध्यक्ष विष्णु जांगड़े, समाज सेवक राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी, कमलेश बघेल, गौतरिहा चेलक, विनोद टंडन, आशा राम टोंडरे, गणेशु खूंटे, झामसिंह सोनवानी, शेखर बांधे, जीतू खूंटे, गोपाल लहरे, कुलदीप घृतलहरे, देवचन्द बांधे, विश्वनाथ सोनवानी, मिलाप बंजारे, खेलन घृतलहरे, रामसागर डहरिया, गोविंद चतुर्वेदी, भोयेश चतुर्वेदी, हिमांशु बघेल, शिवा मांडरे, हेमनारायण मल्होत्रा, नरेंद्र रात्रे, छुरा परिक्षेत्र अध्यक्ष समारू कोसले, लक्ष्मीदास सोनवानी, दीनदयाल टंडन, गौकरण घृतलहरे, बलवंत बघेल, आत्मा राम सोनवानी, धनेश्वरी डांडे, भुनेश्वरी बंजारे, संतोषी पुर्रे, सुनीता चतुर्वेदी, बिमला बघेल, ऋचा रात्रे, कृष्णा भारती, यामिनी बघेल पंथी नर्तक दल के कलाकार सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने किया टीन शेड निर्माण का भूमिपूजन

**राजिम।** नगर पालिका राजिम के वार्ड क्रमांक 3 सरदार वल्लभ भाई पटेल पारा में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में विधायक रोहित साहू की घोषणा 9 लाख टीना शेड निर्माण की स्वीकृति मिलने पर आज नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, वार्ड पार्षद जानकी पटेल, सभापति भारत यादव, आकाश राजपूत, पार्षद सुरेश पटेल, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, आदि के आतिथ्य पंडित ऋषि दुबे के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। उक्त अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि हमारे विधायक रोहित साहू के प्रयास से लगातार नगर का विकास हो रहा है। रोड, नाली, सामुदायिक भवन, मंगल भवन, पुस्तकालय, स्कूलों में टीन शेड, चौक का सौंदर्यीकरण सहित अनेकों सौगात नगर को मिला है। कन्या हाई स्कूल में टीना शेड लगने से छात्राओं को सामूहिक रूप से शिक्षकीय कार्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रार्थना आदि करने में सहायक होगा वहीं, धूप, बरसात से निजात छात्राओं को मिलेगा। इसके लिए नगर पालिका की ओर से विधायक रोहित साहू को धन्यवाद ज्ञापित किया है। कहा कि नगर के विकास के लिए हम सभी संकल्पित है। धार्मिक नगरी के अनुरूप नगर को भव्य और सुंदर बनाने की दिशा में प्रयास किया जायेगा। उक्त अवसर पर ठेकेदार विश्वजीत ठाकुर ,गज्जू पटेल, ओम प्रकाश यादव, दिलीप पटेल, दुलसिया सेन, बिहारी पटेल, आदि उपस्थित हुए।

### भाजपा ने ग्राम परसदा में स्वच्छता अभियान चलाया

**अभनपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'गांव चलो अभियान' के तहत ग्राम परसदा में स्वच्छता अभियान चलाकर सेवा पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान शीतला मंदिर परिसर एवं तालाब घाटों की साफ-सफाई की गई और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता नेहरू लाल साहू ने स्वच्छ भारत मिशन की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ गांव से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने अंत्योदय के सिद्धांत पर सरकार के कार्यों को रेखांकित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर हितग्राहियों से मुलाकात की।

**समक्ष न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गरियाबंद, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**शपथपत्र**

**(आधार कार्ड में नाम सुधार बाबत गजट में प्रकाशन वास्ते)**

मैं शपथकर्ता गुपेन्द्र कुमार साहू पिता अमर सिंह साहू उम्र 36 वर्ष, निवासी- मकान नं- 129 बजरंग पारा, वार्ड नं 04 गांव सडक परसूली, पोस्ट सड़क परसूली तह. व जिला गरियाबंद पिन नं- 493889 (छ.ग.) आधार नं 5794 69230754 मो नं- 8878923090 गरियाबंद का निवासी निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ:-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि, मेरे पुत्र खिलेन्द्र साहू (अंग्रेजी बड़े अक्षर मे (**KHILENDRA SAHU**) जन्म तिथि 30.12.2008 है जो कि सत्य व सही है, एवं इसका उल्लेख जन्म प्रमाण पत्र एवं कक्षा दसवी के मार्कशीट में अंकित है।
3. यह कि, मेरे पुत्र खिलेन्द्र साहू के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम खिलेन कुमार साहू (अंग्रेजी में **khilen kumar sahu**) एवं जन्म तिथि 01.01.2011 तथा आत्मज गुपेन्डरा कुमार साहू दर्ज है जो कि गलत हैं।
4. यह कि, मेरे पुत्र के आगे की शिक्षा दीक्षा व्यवसाय नौकरी व अन्य कार्य में इस त्रुटि कारण बहुत परेशानियो का सामना करना पड़ेगा इस कारण माननीय महोदय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरियाबंद के समक्ष यह आवेदन पत्र मेरे पुत्र के आधार कार्ड में हुई त्रुटि हिन्दी में नाम, अंग्रेजी में नाम, जन्म, दिनांक, आत्मज का नाम को सुधार किये जाने बाबत यह शपथपत्र प्रस्तुत किया जा रहा हैं।
5. यह कि इस शपथपत्र के आधार पर शासकीय गजट में प्रकाशन (राजपत्र मे प्रकाशन) के बाबत प्रस्तुत किया गया है।
6. यह कि मेरे पुत्र श्री खिलेन्द्र साहू के आधार कार्ड में सही नाम हिन्दी में एवं सही नाम अंग्रेजी में, सही जन्म दिनांक, तथा आत्मज का सही नाम जो कि निम्नानुसार है को सुधार किये जाने की कृपा हो

हिन्दी में सही नाम खिलेन्द्र साहू, अंग्रेजी में सही नाम - KHILENDRA SAHU, सही जन्म तिथि 30.12.2008, सही आत्मज नाम हिन्दी में गुपेन्द्र कुमार साहू

**शपथकर्ता**

**-:सत्यापन:-**

मैं शपथकर्ता गुपेन्द्र कुमार साहू पिता अमर सिंह साहू उम्र 36 वर्ष, निवासी- मकान नं- 129 बजरंग पारा, वार्ड नं 04 गांव सड़क परसूली, पोस्ट सड़क परसूली तह. व जिला गरियाबंद पिन नं- 493889 आधार नं 5794 6923 0754 मो नं- 8878923090 (छ.ग.) सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र की कंडिका क्र. 01 से अंत तक के कथन मेरी निजी ज्ञान व विश्वास से सत्य व सही है अतः आज दिनांक को स्थान दुर्ग में पढ़कर समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया।

स्थान- गरियाबंद (छ.ग.)

दिनांक 30.03.2026

**सत्यापनकर्ता**

**अभियान :** गांव-गांव पहुंच रही भाजपा, गांव चलो बस्ती चलो अभियान में योजनाओं की दी जा रही जानकारी

# केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ा बदलाव आया : प्रीतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो,बस्ती चलो अभियान के तहत जिले में संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने भाजपा के कार्यकर्ता लगातार गांव पहुंच जनसंपर्क कर रहे है।इसी कड़ी में शुक्रवार को गरियाबंद मंडल अंतर्गत पांडुका क्षेत्र के ग्राम रजनकट्टा में इस अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास,जल जीवन मिशन,महतारी वंदन,स्वच्छ भारत अभियान,शौचालय निर्माण,दीन दयाल उपाध्याय कृषि उन्नत योजना,जी राम जी सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा ने कहा कि इन जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना और लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है।आज प्रधानमंत्री आवास,जल जीवन मिशन और स्वच्छता अभियान से लोगों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि भाजपा का गांव चलो,बस्ती चलो अभियान गांव-गांव तक पहुंचकर लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का प्रयास है। हमारा लक्ष्य है कि हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे।मन के बात के सह प्रदेश प्रभारी चंदन साहू ने किसानों को किसान निधि दिया जा रहा हैं। छत्तीसगढ़ में लगातर किसानों के लिए सरकार काम कर रहीं हैं। महिलाओं को महातरी वंदन दिया जा रहा हैं।



### भाजपा जनता के बीच रहकर काम करने वाली पार्टी

गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने कहा कि भाजपा हमेशा जनता के बीच रहकर काम करने वाली पार्टी है। अभियान के तहत कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं और लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता हीरालाल साहू,रमेश कांडरा, डोमन लाल साहू,पूना राम साहू,घुराऊ राम साहू, पंडवानी गायिका पूना बाई कंडरा,सरपंच श्रीमती तेज कुंवर कंडरा,मितानिन मोगरा बाई निषाद का सम्मान भी किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से भेंट की गई।कार्यक्रम का संचालन खिलेश्वर गोस्वामी ने किया। प्रमुख रूप से मन के बात के सह प्रभारी चंदन साहू,भाजपा आईटी सेल संभाग प्रभारी सागर मयाणी,महामंत्री किशन कंडरा,उपाध्यक्ष प्रकाश यादव,मंत्री गायत्री पटेल,जवाहर शर्मा,पार्षद खेम सिंह बघेल,गुलाब यादव, रमेश साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सेवा ही सुशासन बेलटुकरी में हितग्राहियों का सम्मान

**राजिम।** भारतीय जनता पार्टी के ग्राम चलो बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल राजिम द्वारा ग्राम बेलटुकरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में नगर पालिका राजिम के अध्यक्ष महेश यादव ने समस्त हितग्राहियों का सम्मान किया तथा उनकी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को सुनकर समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने मोदी की गारंटी और विष्णु देव के सुशासन की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सभापति आकाश सिंह राजपूत, भारत यादव, पार्षद सुरेश पटेल, भाजपा कार्यकर्ता ऋषि दुबे, ग्राम सरपंच पुराणिक साहू कमलनारायण देवांगन उपाध्यक्ष राजिम मंडल तुकाराम तारक बूथ अध्यक्ष, हितग्राही एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





### अंत्योदय ही हमारा लक्ष्य : आशीष शिंदे

**राजिम।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के गौरवशाली अवसर पर 'गाँव चलो, बस्ती चलो' अभियान के अंतर्गत ग्राम किरवई में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं कार्यक्रम प्रभारी आशीष शिंदे तथा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष देवकी साहू के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रमुख गतिविधियाँ और जनसंपर्क स्थापना दिवस के इस अवसर पर बूथ संयोजकों, बूथ अध्यक्षों और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर का भ्रमण किया। कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर केंद्र और राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान ग्रामीणों को शासन की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए आगामी लक्ष्यों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता आशीष शिंदे ने कहा कि /"अंत्योदय ही हमारा लक्ष्य/" है। भाजपा की विकासवादी विचारधारा पर उन्होंने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है जो कार्यकर्ताओं के पसीने और तपस्या की बदौलत बनी है। कहा कि /"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है। चाहे वह उज्ज्वला योजना हो, आयुष्मान कार्ड हो या प्रधानमंत्री आवास, भाजपा का लक्ष्य केवल सत्ता नहीं बल्कि सेवा है।/" उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाएँ। महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष देवकी साहू ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा शासन में नारी शक्ति को उचित सम्मान और सुरक्षा मिली है। उन्होंने मातृशक्ति से अपील की कि वे देश के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते रहें। इस अवसर पर ,यथार्थ शर्मा, मोतीराम साहू ,श्यामलाल साहू, रामेशर ध्रुव, गोविंद साहू,विष्णु साहू,यशवंत सेन,ठाकुर राम साहू,भागवत साहू,जय कुमार साहू,यशवंत साहू,उपसरपंच भूलेश्वरी साहू, सुरेखा विश्वकर्मा,संतोष विश्वकर्मा,गीतेश साहू,कल्याण निर्मलकर,रामभरोसा साहू,संतु तारक ,भागी सतनामी, लिंकम साहू,रामानंद ध्रुव,स्थानीय बूथ अध्यक्ष, बूथ संयोजक, शक्ति केंद्र के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में ग्रामवासी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पार्टी के सिद्धांतों पर चलने और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

### गांव चलो अभियान के तहत कोठीगांव में भाजपा ने दी दस्तक

**रसेला।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस अभियान के तहत गांव,गली व वार्ड में घर घर दस्तक देकर मोदी सरकार व साय सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जनता तक पहुंचा रही है। गांव चलो, गली चलो, वार्ड चलो अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जिला संगठन निर्देशानुसार भाजपा मंडल मलेवाअचल के ग्राम कोठीगाव में इस अभियान का कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसका मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व की केंद्र सरकार एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व ऐतिहासिक निर्णय को गांव की



गलियों और घर घर दस्तक देकर पहुंचा रहे हैं। आमजन को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित भी किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, वरिष्ठ कार्यकर्ता श्यामलाल सोरी, महामंत्री नारायण सिन्हा, मंत्री भुवेन्द्र मरकाम, उपाध्यक्ष टंकेश्वर सोरी ने कहा कि भाजपा सरकार ने बीते वर्षों से प्रदेश को विकास के नए आयाम दिए हैं और आमजन के जीवन स्तर को सुधारने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की है। इन लोगों ने कार्यकर्ताओं से सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस मौके पर रोहित जगत, पंचराम जगत, रामेश्वर सोरी,सोहद्रा बाई,कामली बाई,सुखवन्ती, देववती नागेश,सपनबैरागी, गौरीबाई,भूरली सोरी,लक्ष्ण सोरी सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# नवागांव सहित चौबेबांधा, परसदा डोंगीतराई में बही राम नाम की गंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



शुक्रवार से क्षेत्र के ग्राम नवागांव, परसदा, छांटा ,डोंगीतराई,चौबेबांधा में भक्ति का अदभुत माहौल देखने को मिल रहा है। करीब पांच-सात किलोमीटर के दायरे में बसे इन पांचो गांवों में इन दिनों श्रीराम नाम की गंगा प्रवाहित हो रही है। यहां आयोजित धार्मिक महायज्ञ और रामायण मंडली कार्यक्रमों में दूर-दूर से आए श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। इन आयोजनों की खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध रामायण मंडलियों के बीच प्रस्तुति देने की मानो होड़ सी लगी हुई है। प्रत्येक मंडली अपने विशिष्ट अंदाज में भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र की व्याख्या कर रही है। व्याख्याकारों द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों, त्याग, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान रामायण मंडली के व्याख्याकारों ने बेहद रोचक और भावपूर्ण प्रसंगों के माध्यम से श्रीराम के जीवन को जीवंत कर दिया। उनके सरल और प्रभावशाली वर्णन ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कई प्रसंगों में श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं, वहीं भक्ति गीतों और चौपाइयों पर पूरा वातावरण राममय हो उठा। इस धार्मिक आयोजन में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ रही है। खासतौर से मातृशक्तियों की भागीदारी उल्लेखनीय है, जो देर रात तक बैठकर भगवान श्रीराम के गुणगान को श्रद्धा भाव से सुन रही हैं और उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प ले रही हैं। पांचो गांवों में एक साथ चल रहे इस भव्य आयोजन ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया है। गांव-गांव में भक्ति, आस्था और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम तीन दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें और भी आकर्षक धार्मिक प्रस्तुतियां होंगी। नवागांव, परसदा, छांटा ,डोंगीतराई और चौबेबांधा में चल रहा यह धार्मिक महायज्ञ न केवल आस्था का केंद्र बना हुआ है, बल्कि लोगों को भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा भी दे रहा है।

**मातृशक्ति की भारी भागीदारी-** भक्ति और संस्कारों से सराबोर यह आयोजन क्षेत्र में एक सकारात्मक और आध्यात्मिक संदेश प्रसारित कर रहा है। मालूम हो कि नवागांव में पहला दिवस रूआंबांधा भिलाई के स्वाति महिला मानस मंडली,कवर्धा के छत्तीसगढ़ खजुराहो भोरमदेव मानस परिवार, टिपानी पाटन दुर्ग के वंदेमातरम मानस परिवार, रायपुर के राधेय मानस परिवार,मधुबन खैरझिटी के कौशिल्या के राम महिला मानस परिवार,कुम्हारी कपसदा के सरस्वती मानस परिवार, गुरूर धनोरा के दीपज्योति बालिका मानस मंडली,मकरनपुर के श्री पावन मानस परिवार और परतेवा राजिम के श्री राजीव लोचन मानस परिवार द्वारा देर रात तक भगवान श्रीराम के कथा का बखान किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पूरे ग्रामवासियो सहित आयोजक मंडल के मनोज देवांगन, महेश साहू, डोमार साहू,रेखराम साहू, नंदकुमार चक्रधारी,कोमल चक्रधारी,महेंद्र ध्रुव, तोरण यादव, भागवत साहू, सीताराम साहू का विशेष योगदान बना हुआ है। कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध मंच संचालन सुरेश शर्मा कर रहे है। जिनके भावपूर्ण उदबोधन और संचालन ने कार्यक्रम की शोभा को कई गुणा बढ़ा दिया है।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सरपंच हनिता ने जन्मदिन पर अस्पताल में बांटे फल

**मैनपुर।** ग्राम पंचायत मैनपुर के सरपंच श्रीमति हनिता नायक ने शुक्रवार को दोपहर 12 बजे मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचकर मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरण किया साथ ही उनके हालचाल जाने। आज मैनपुर सरपंच हनिता नायक का जन्मदिन था जिसके चलते उन्होने मरीजों को फल वितरण किया उनके साथ बड़ी संख्या मे स्थानीय नगरवासी भी उपस्थित थे।

### भाजपा का गांव बस्ती चलो अभियान



**मुड़ागांव(कोरासी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में "सेवा ही संगठन" अभियान के अंतर्गत 7 से 12 अप्रैल तक "गांव बस्ती चलो अभियान" का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम खड़मा, रानीपरतेवा एवं मुड़ागांव की गलियों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा "जय श्री राम" के नारों के साथ भ्रमण किया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा प्रवक्ता एवं मंडल सह प्रभारी शिवांगी चतुर्वेदी, जिला पंचायत गरियाबंद की सभापति, जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष मीरा ठाकुर, मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, शंदिप पाण्डेय, प्रकाश सिन्हा, पूर्णिमा कंवर, नितू भोसले, रवि साहू, पालेन्द्र साहू, देवनारायण ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कांग्रेस का वार्डों और बूथों में कमेटी गठन की प्रक्रिया शुरू

**अभनपुर।** कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत अभनपुर मंडल क्षेत्र में वार्ड एवं बूथ कमेटियों के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इसी क्रम में शुक्रवार को सद्भावना कुटी अभनपुर में जिला प्रभारी विनोद सेवनलाल चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में मंडल एवं बूथ स्तर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से वार्ड कमेटियों का गठन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार के कुशासन से जनता परेशान है, जिसके कारण कांग्रेस की बैठकों में लगातार लोगों की संख्या बढ़ रही है और बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बूथ कमेटी किसी भी राजनीतिक दल की रीढ़ होती है। यदि बूथ स्तर पर संगठन मजबूत होगा तो चुनाव में सफलता की संभावना भी बढ़ेगी। इस हेतु उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों और प्रभारियों को निर्देशित किया कि बूथ कमेटियों के गठन के बाद नियमित रूप से मासिक बैठकें आयोजित कर पार्टी की गतिविधियों को कार्यकर्ताओं एवं आम जनता तक पहुंचाएं। संगठन गठन अंतर्गत मंडल कमेटी, वार्ड अध्यक्ष एवं बूथ स्तर पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है। जानकारी के अनुसार प्रत्येक वार्ड में एक अध्यक्ष, दो महामंत्री, दो सचिव, एक कोषाध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष, एक मीडिया समन्वयक एवं चार कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया जा रहा है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

## आस्था : कसेरुडीह मे रामचरित मानस यज्ञ का समापन

# जब जीवन में सब कुछ थम जाए, तब भगवान को याद करें : संत रामानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

विश्व व गांव शांति तथा आध्यात्मिक चेतना के लिए पांच दिवसीय श्रीराम चरित मानस यज्ञ का अनुष्ठान ग्राम कसेरुडीह मे संपन्न हुआ। सोमवार से शुक्रवार तक रखा गया था जिसमें अंतिम दिवस पर प्रातः कॉल से ब्रम्ह मुहूत भगवान श्री रामचंद्र की पूजा अर्चना विधि विधान से गांव के सुख समृद्धि व शांति हेतु कामना किया तत्पश्चात महायज्ञ व प्रवचन प्रातः काल से 11 बजे तक चलता रहा. इस दौरान सभी साधु संतों का स्वागत वंदन अभिनंदन वह दक्षिण से सम्मान किया गया 11:30 बजे से गीता पाठ का संध्या बेला तक श्रोताओं को श्रवण कराया. रामचरितमानस महायज्ञ आध्यात्मिक जागृति, मानसिक शांति और सामाजिक एकता का सर्वोच्च अनुष्ठान है, जो व्यक्ति को धर्म, मर्यादा और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। बता दे की रामचरितमानस और गीता ज्ञान यज्ञ का समापन श्रद्धा व भक्ति के साथ हुआ, जिसमें गांव से भारी भीड़ उमड़ी। अंतिम दिन भजन, प्रवचन और गीता के दिव्य संदेशों (कर्मयोग) ने माहौल को भाव-विभोर कर दिया। इस धार्मिक आयोजन में आस पास गांव से श्रद्धालु शामिल हुए, जहाँ कर्म, ज्ञान और भक्ति का संगम देखा और सुना 1 भक्तिपूर्ण वातावरण में रामचरितमानस और गीता यज्ञ संपन्न हुआ। व्यास रामानंद शरण महाराज के मुखरविन्द से भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को निष्काम कर्म (फल की चिंता न करना), ज्ञान और भक्ति का पाठ पढ़ाया। क्रोध और लोभ को नरक का द्वार बताया, जिन्हें त्यागना ही श्रेयस्कर है। मनुष्य का अधिकार केवल कर्म करने में है, फल में नहीं। यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक और संस्कारित अनुभव रहा। पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम को समापन किया गया. प्रवचन कीर्तनकार के रूप में संत श्री जगदीश प्रसाद संत श्री चंद्रहास शरण संत श्री बृजमोहन शरण संत श्री भुवनेश्वर प्रसाद संत श्री चंद्रिका शरण उपाध्याय संत श्री कोमल महाराज चंदन संत श्री नारद शरण संत भगवत शरण संत श्री रामानंद शरण, द्वारा संपन्न कराया गया वहीं यज्ञाचार्य महामंडलेश्वर संत श्री श्री 108 भुवनेश्वरी शरण महाराज के कृपा पात्र श्री गोवर्धन शरण व्यास सिरकट्टी द्वारा विधि विधान के साथ पूजन किया गया। इस दौरान परीक्षित के रूप में ज्ञान प्राप्त करने व भगवान को ध्यान करने कथा में बैठे हुए थे सेवा नियुक्ति शिक्षक व वरिष्ठ नागरिक तीजम साहू,धर्मपत्नी यमोला साहू, संतन साहू, मानकी साहू , सेवती साहू ओमप्रकाश साहू,मानिक साहू पूर्णिमा साहू , कृपा साहू , महेतरीन साहू सेवा राम साहू मान बाई साहू नरायण साहू, लक्ष्मीबाई साहू , फत्ते साहू तुलसी साहू शिवदयाल साहू अश्वनी साहू रमेश्वरी साहू ने श्रद्धा पूर्वक भगवान की सेवा की. इस दौरान समस्त श्रद्धालुओ व ग्राम वासियों के लिए पांच दिनों तक निशुल्क भोग भंडारा क-भी विशाल आयोजन किया गया था।





**सेवा और भक्ति की मिसाल**

गीता श्रवण कराते वक्त संत श्री रामानंद शरण महाराज द्वारा ज्ञान की बाते बताते हुये कहा कि अगर परमात्मा तुम्हें कष्ट के पास ले आया है, तो अवश्य ही वो तुम्हें कष्ट के पार भी ले जाएगा। किसी भी मनुष्य की परिस्थितियां हमेशा एक जैसी नहीं रहती हैं। परिस्थितियां हमेशा बदलती हैं। इसलिए मनुष्य को हिम्मत नहीं हारनी चाहिए।जो भी हुआ अच्छा हुआ, जो हो रहा है अच्छा हो रहा है, जो भी होगा अच्छा होगा, भविष्य के बारे में चिंता मत करो। वर्तमान में जियो ।निंदा से घबराकर अपने लक्ष्य को न छोड़े क्योंकि, लक्ष्य मिलते ही निंदा करने वालों की राय बदल जाती है। तनाव से केवल समस्याएं जन्म ले सकती हैं, समाधान खोजने हैं तो मुस्कुराना ही पड़ेगा।इस पृथ्वी लोक पर कोई साथ नहीं देता, यहां तुम्हें खुद ही लड़ना है और खुद ही समझना भी है।व्यक्ति जो चाहे बन सकता है, यदि वह विश्वास के साथ इच्छित वस्तु पर लगातार चिंतन करे। व्यक्ति को खुद से बेहतर कोई नहीं जान सकता है। जो व्यक्ति अपने गुणों और कमियों को जान लेता है वह अपने व्यक्तित्व का निर्माण करके हर काम में सफलता प्राप्त कर सकता है।

## ग्राम साजापाली और सोरीद में कांग्रेस बूथ कमेटियों का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं अमितेश शुक्ल के मार्गदर्शन तथा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष माहेश्वरी शाह के सतत निगरानी में "मिशन गांव चलो अभियान" के तहत संगठन को निचले स्तर तक और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से वार्ड, बूथ एवं पंचायत कमेटियों के गठन की प्रक्रिया जारी है। गरियाबंद जिले के राजिम विधानसभा अंतर्गत छुरा ब्लॉक के घाटखाल्हे मंडल के ग्राम साजापाली एवं सोरीद में पंचायत एवं बूथ कमेटियों का गठन समस्त कांग्रेसजनों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष माहेश्वरी शाह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता समेत खान, भानु प्रताप भारद्वाज, पुष्पेंद्र शाह, मंडल अध्यक्ष केवल कुमार साहू, ब्लॉक महामंत्री ममता साहू, ब्लॉक प्रभारी चित्रसेन डड़सेना, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमित निर्मलकर, हेमंत सेन, ब्लॉक महामंत्री मन्नू लाल चौहान, भुवन ध्रुव, शत्रुघ्न सिन्हा, रेवाराम सेन, अर्जुन दीवान, भारत दीवान, बाबूलाल सिन्हा, गोवर्धन ध्रुव, यादराम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जोड़ने एवं आगामी गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया।

## यज्ञ भारतीय संस्कृति का प्राण : इंद्रजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ग्राम कसेरुडीह मे श्रीराम चरित्र यज्ञ कथा के समापन पर क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक और अन्य विशिष्ट अतिथि शामिल होकर भगवान राम की आरती में भाग लेते हैं। मुख्य यजमान के साथ मिलकर वे पूजा-अर्चना किये और क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना करते हुये जन मानस से आशीर्वाद लिया हैं। यह आयोजन आमतौर पर रामायण पाठ, गीता उपदेश, महाभारत कथा व पंडवाणी कार्यक्रम के साथ भंडारे और सम्मान समारोह के साथ संपन्न हुआ. मुख्य अतिथि इंद्रजीत माहडिक ने उद्बोधन मे कहा की यज्ञ भारतीय संस्कृति का प्राण तथा वैदिक धर्म का सार है। यज्ञ के द्वारा मानव जीवन के लिए प्रेरणा दी गई है। यज्ञ ही संसार में श्रेष्ठतम कर्म है और संसार का श्रेष्ठतम कर्म यज्ञ ही है। उन्होंने कहा कि यज्ञ को केवल भौतिक कर्मकांड न समझा जाएं अपितु इसको आध्यात्मिक रूप से समझकर इसका आध्यात्मिक अनुष्ठान आवश्यक है।





वस्तुतः यज्ञ एक आंतरिक प्रक्रिया है, बाह्य यज्ञ उसी का प्रतीक है। कहा कि भौतिक दृष्टि से यज्ञ का महत्व अत्यधिक है इसके साथ ही आंतरिक, वैचारिक, मानसिक प्रदूषण समाप्त करने का अमोघ उपाय है। उन्होंने कहा कि यज्ञ से भौतिक कामनाओं की पूर्ति तो होती ही है, किंतु यज्ञ की मुख्य भावना का तात्पर्य स्वार्थ का त्याग, परोपकार जीवन व्यतीत करने से है। ईश्वर की अनंत शक्तियां पृथ्वी, जल, अगिभन, वायु और आकाश स्वभाव से ही परोपकार में संलग्न है। इन देवों से प्रेरित होकर मनुष्य का कर्तव्य है कि वह केवल स्वार्थ सिद्धि के लिए प्रयास नहीं करें बल्कि वह परोपकारमय जीवन व्यतीत करें। ब्रह्मविद्या, योगाचार्य एवं ब्रह्मनिष्ठ पुरुष को सद्गुरू कहते है। उन्होंने ने कहा कि लौकिक, वैदिक एवं पारमार्थिक तीन प्रकार के गुरू होते है। लौकिक गुरु व्यवहार, समाज के उपादेय शिक्षाओं को देते है। वैदिक गुरू वेदांत और संसार की समस्त विद्याओं अर्थात नक्षत्र, भूगर्भ, देव, दैव एवं क्षत्रविद्या आदि सर्व विषयों के योग्य ज्ञाता प्रवीण बनाते है। दोनों गुरुओं के पश्चात श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ सद्गुरू की आवश्यकता होती है। कहते हुए भोग भंडारा में प्रसाद प्राप्त किया और जनमानस से मुलाकात करते हुए अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए इस दौरान तीजम साहू, सालिक साहू, नरायण साहू, पूर्व सरपंच चेतन साहू, फट्टे साहू, कोमल ठाकुर, रवि निर्मलकर, मनीष साहू, माधो यादव, लालू यादव, पिलेश्वर सिन्हा, मुकेश मरकाम, सेतु साहू, काशी साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पुलिस ने शिविर लगाकर सिखाए यातायात नियम, साइबर ठगी से बचने के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



मैनपुर विकासखण्ड के थाना शोभा क्षेत्रतंर्गत कन्या आश्रम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने और बढ़ते साइबर अपराधों से बचाने के उद्देश्य से आज शुक्रवार को ग्राम शोभा में एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य रूप से लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस बनाने, सायबर फ्राड से बचाव और यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया गया। कार्यक्रमें एसडीओपी. मैनपुर ओपी कुजूर, थाना प्रभारी शोभा ज्ञानेष्वर सिंह गंगवाल, यातायात प्रभारी रामाधार मरकाम एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों के द्वारा उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में डिजिटल लेनदेन के दौरान सतर्कता बरतना अनिवार्य है। किसी भी अनजान व्यक्ति से ओटीपी साझा न करने और संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने की सलाह दी गई। साथ ही, यातायात पुलिस के अधिकारियों ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और सड़क संकेतों के पालन का महत्व समझाया ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। परिवहन विभाग को लर्निंग ड्राइविंग लायसेंस बनवाने के लिए कुल 250 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर ही आवेदकों के दस्तावेजों की जांच कर प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधी और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से न केवल सरकारी सुविधाओं का लाभ आसानी से मिलता है, बल्कि वे अपराधों के प्रति भी सतर्क होते हैं।

## आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल छुरा में प्रवेश प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय अंग्रेजी माध्यम छुरा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्र-छात्राओं की प्रवेश प्रक्रिया आज, 10 अप्रैल से आधिकारिक रूप से प्रारंभ हो गई है। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि स्कूल में प्रवेश के इच्छुक छात्र अब अपना आवेदन निर्देशानुसार ऑनलाइन /ऑफलाइन मोड पर कर सकते हैं। शासन के निर्देशानुसार, छुरा के इस प्रतिष्ठित संस्थान में दाखिले को लेकर पालकों और विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। प्राचार्य मिश्रा ने स्पष्ट किया कि शासन के आदेशानुसार भर्ती की प्रक्रिया पूरी पारदर्शी माध्यम से होगी यदि किसी भी कक्षा में उपलब्ध सीटों की तुलना में आवेदनों की संख्या अधिक होती है, तो चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रखी जाएगी। इसके लिए मैन्युअल लॉटरी (पर्ची पद्धति) का सहारा लिया जाएगा। यह चयन प्रक्रिया 06 मई से 10 मई 2026 के बीच आयोजित की जाएगी, जिसमें पालकों अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में निष्पक्ष रूप से लॉटरी निकालकर बच्चों का चयन किया जाएगा। प्रवेश के लिए आवेदन 10 अप्रैल से लेकर 5मई 26 तक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड में किया जा सकेगा ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल के माध्यम से या सीधे स्कूल कार्यालय में आकर ऑफलाइन मोड में भी भरे जा सकते हैं। समय-सीमा समाप्त होने के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा, प्रवेश के लिए शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन किया जाएगा । कक्षा पहली (अंग्रेजी माध्यम) में प्रवेश के लिए बच्चे की आयु 31 मई 2026 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के मध्य होनी अनिवार्य है साथ ही, प्रवेश के समय आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाएगा।

**आरक्षण और प्राथमिकता की व्यवस्था**



विद्यालय में शासन की आरक्षण नीति लागू रहेगी, जिसके तहत कुल सीटों का 50 प्रतिशत छात्राओं के लिए आरक्षित होगा। इसके अलावा, 25 प्रतिशत सीटें आर्थिक रूप से कमजोर और बी.पी.एल. परिवारों के बच्चों के लिए सुरक्षित रखी गई हैं। महतारी दुलार योजना के अंतर्गत आने वाले बच्चों को भी नियमों के तहत प्राथमिकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए पालक कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकते हैं।

## 8वीं के छात्र-छात्राओं को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)



संकुल केंद्र पक्तियां के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उदय राम साहू, प्रधान पाठक गिरवर लाल ध्रुव, प्रधान पाठिका सुश्री ममता ध्रुव सहित शिक्षकगण गुरुदेव भास्कर, धामेश्वर साहू एवं कन्हैया मंडल उपस्थित रहे। विदाई समारोह का आयोजन कक्षा छठवीं एवं सातवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को मुंह मीठा कराकर एवं कलम भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। वहीं कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं ने शाला परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय को फोटो एवं पानी टंकी भेंट स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई, जिसने सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया। मंच संचालन का कार्य जागेश्वर ध्रुव द्वारा किया गया। समारोह का वातावरण भावुक एवं उल्लासपूर्ण रहा, जहां विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय के साथ बिताए पलों को याद करते हुए एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

## जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर ने ली समीक्षा बैठक

# किस्त मिलने के 15 दिन के भीतर शुरू हो आवास निर्माण : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्रामीण विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने और पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पंचायत गरियाबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर ने गुरुवार को जनपद पंचायत छुरा के सांस्कृतिक भवन में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना और पीएम-जनमन योजना की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सीईओ चंद्राकर ने उन आवासों पर विशेष नाराजगी जताई जिनका प्रथम किश्त जारी होने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने समस्त सरपंचों, सचिवों, रोजगार सहायकों और आवास मित्रों को कड़े निर्देश दिए कि प्रथम किश्त प्राप्त सभी हितग्राहियों के आवास 15 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से प्रारंभ कराए जाएं। द्वितीय किश्त प्राप्त आवासों को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर संबंधितों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। हितग्राहियों को आर्थिक राहत प्रदान करने के उद्देश्य से सीईओ ने पीएम आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना और पीएम जनमन के अंतर्गत मनरेगा के माध्यम से दी जाने वाली मजदूरी भुगतान की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि आवास निर्माण में लगे श्रमिकों और हितग्राहियों के मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए ताकि फंड की कमी के कारण निर्माण कार्य प्रभावित न हो।

**जमीनी हकीकत जानने पहुंचे गांव, किया निरीक्षण**



बैठक के पश्चात सीईओ प्रखर चंद्राकर ने जमीनी हकीकत जानने के लिए ग्राम पंचायत पंडरीपानी (गोंड) और रसेला का दौरा किया।उन्होंने वहां 'डोर-टू-डोर' जाकर निर्माणाधीन आवासों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सरपंच और सचिवों को निर्देशित किया गया कि वे गांव में ही ईंट, सीमेंट जैसे आवश्यक मटेरियल, सेंट्रिंग प्लेट और कुशल मिस्त्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करें ताकि हितग्राही को निर्माण में बाधा न आए। उन्होंने आवासों के साथ-साथ उन्होंने गांवों में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों और पीडीएस भवनों के निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से जनपद पंचायत सीईओ सतीश चंद्रवंशी,एडिशनल सीईओ रूपकुमार ध्रुव,राकेश साहू, एसडीओ आरईएस सुशांत त्रिपाठी, पीएम आवास योजना ग्रामीण के जिला समन्वयक विजय साहू,श्रीमती हर्षा वर्मा विकासखंड समन्वयक पीएम आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन के ईश्वर साहू, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी रमेश कंवर समस्त तकनीकी सहायक, सहायक विकास विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
EX-हरिद्वार
09 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411